प्रादेशिक समाचार
04.11.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य भाषा शिक्षा नीति प्रारूप की बैठक, राज्य सरकार और यूनियन बैंक के साथ भी हुआ एमओयू।

2. राज्य के सभी बूथों पर चुनाव पाठशाला का हुआ आयोजन, सीईओ ने रामगढ़ में लिया जायजा, एसआईआर से जुड़े कार्य में तेजी लाने के निर्देश।

3. पलामू और कोडरमा में भाजपा की लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल हुए कई नेता, इंडी गठबंधन पर साधा निशाना।

4. कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसी महीने आयेंगे झारखंड, प्रदेश प्रभारी के0 राजू ने कहा–एसआईआर से कांग्रेस असंतुष्ट, रांची में सीईओ से मिला प्रतिनिधिमंडल।

5. पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत ने एक–शून्य से बनायी बढ़त, न्यूजीलैंड को पांच विकेट से किया पराजित।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेसवार्ता में बताया कि ऊर्जा भंडारण से जुड़ी योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है, जिसे राज्य सरकारों के साथ मिलकर कियान्वित किया जाएगा।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज प्रोजेक्ट भवन में झारखंड राज्य भाषा शिक्षा नीति प्रारूप की बैठक हुई। बैठक में श्री सोरेन ने झारखंड की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता को ध्यान में रखते हुए शिक्षा नीति तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की रुचि, प्रतिभा और व्यावहारिक कौशल को भी विकसित किया जाए।

****

राज्य सरकार और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बीच कर्मचारियों के वेतन पैकेज को लेकर आज रांची में समझौता हुआ। इस वेतन पैकेज में डेढ़ करोड़ रूपये तक दुर्घटना बीमा, हेल्थ टर्म इंश्योरेंस भी शामिल है। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है।

****

राज्य के सभी बूथों पर आज चुनाव पाठशाला और बीएलओ तथा बीएलए–2 की पांचवीं बैठक आयोजित हुई। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने रामगढ़ जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में बीएलओ तथा बीएलए–2 की बैठक और चुनाव पाठशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने होम–टू–रोल वेरिफिकेशन और फॉर्म–6 के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कल सोशल मीडिया पर हैशटैग डाउनलोड ईसीआईनेट अभियान चलाया जाएगा।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में आज बड़गाईं अंचल की करीब नौ एकड़ जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिवीजन और क्रिमिनल एमपी याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की एकलपीठ में हुई सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से

जवाब दाखिल किया। इस दौरान श्री सोरेन को रिजॉइंडर दाखिल करने के लिए समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी।

****

परिवहन सचिव राजीव रंजन ने कहा है कि राज्य में 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों का निस्तारण केंद्र सरकार के दिशा–निर्देशों के तहत पारदर्शी तरीके से होगा। श्री रंजन ने आज रांची में राज्यस्तरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ की बैठक में बताया कि इसमें थानों में पड़े दुर्घटनाग्रस्त और उपयोग में नहीं लाये जा रहे सभी सरकारी वाहनों को शामिल किया जाएगा।

****

जमशेदपुर की उत्कर्षा सिन्हा का विकसित भारत के विजन के तहत राष्ट्रपति भवन में आयोजित फेलोशिप के लिए देशभर से आए पांच हजार से अधिक आवेदनों में से चालीस प्रतिभागियों में चयन हुआ है। उन्हें विदेश मंत्री एस जयशंकर और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई गणमान्यों से संवाद का भी अवसर मिला है। चयन पर उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के विश्वास को दिया और कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से विकसित भारत का संकल्प साकार होगा।

****

प्रदेश भाजपा द्वारा एसआईआर और चुनाव आयोग के मुद्दे पर इंडी गठबंधन के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से विभिन्न जिलों में लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ पदयात्रा के जरिये इंडी गठबंधन पर हमला बोला जा रहा है। इस सिलसिले में आज पलामू में पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत अन्य नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा तथा संविधान की गरिमा और सुशासन की स्थापना का संकल्प लिया।

****

उधर कोडरमा में भी भाजपा द्वारा पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में विधायक नीरा यादव और प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी समेत पार्टी के अन्य नेता शामिल हुए। इस दौरान श्री बाउरी ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन एसआईआर और चुनाव आयोग के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहा है, जिसका पार्टी मुंहतोड़ जवाब देगी।

****

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के0 राजू का आज रांची पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया। बाद में श्री राजू के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसआईआर के मुद्दे पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार से मुलाकात की और एसआईआर पर सवाल उठाये। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नवंबर के तीसरे सप्ताह में राहुल गांधी का झारखंड दौरा प्रस्तावित है।

****

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में उपायुक्त हेमन्त सती तथा पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों और तालाबों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

****

राज्य में कल से आठ नवंबर तक आसमान के साफ रहने की संभावना है। इस अवधि में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में बताया है कि नौ नवंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में बारिश या मेघ गर्जन के आसार हैं। दस नवंबर को पूर्वी हिस्सों में यही स्थिति रह सकती है।

****

पांच वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने आज न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। डीएलएस नियम के तहत भारत को 32 ओवर में 143 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने 22 ओवर और चार गेंद में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

*********समाप्त*********